**खबर संक्षेप**

### नैनपुर में प्रतिष्ठानों से घरेलू गैस सिलेंडर तथा भट्टी जप्त

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नैनपुर के निर्देशन में मंगलवार को तहसील नैनपुर अंतर्गत बस स्टैण्ड नैनपुर में खाद्य विभाग की टीम द्वारा प्रतिष्ठानों की आकस्मिक जांच की गई। कार्यवाही के दौरान प्रजापति मंगोड़ा सेंटर से 1 नग घरेलू गैस सिलेण्डर तथा प्रदीप चक्रवर्ती चाय दुकान से 1 नग घरेलू गैस सिलेण्डर जप्त किये गये। उक्त प्रतिष्ठानों से 2 नग घरेलू गैस सिलेण्डर एवं चूल्हा भट्ठी की जप्ती की गई जिसका बाजार मूल्य 7500 रूपये अनुमानित है। उक्त प्रतिष्ठानों द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डर का दुरूपयोग पाये जाने से आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्यवाही कर प्रकरण दर्ज किया गया है। इसी प्रकार जय महाकाल चाट सेंटर से आलू मसाला, जीरा पानी तथा दिपांशी चाट सेंटर से जीरा पानी का सेम्पल जांच हेतु लिया गया। खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 विनियम 2011 के तहत निरीक्षण कर नमूना संग्रहित कर समुचित कार्यवाही की गई।

### आंगनवाड़ी भवन निर्माण समय पर पूर्ण कराएं-श्री श्रेयांश कूमट

**मण्डला।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रेयांश कूमट की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बैठक में आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण कार्य की धीमी गति से होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को समय पर पूर्ण करें। कार्य की गति बढ़ाएं एवं निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी शालिनी तिवारी, सहायक संचालक लीना चौधरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मवई एवं नारायणगंज, 7 विकासखण्ड अंतर्गत समस्त परियोजना अधिकारी एवं समस्त सहायक यंत्री उपस्थित रहे।

## 36 घंटे के अंदर षड़यंत्रकारी महिला एवं एक मुख्य आरोपी गिरफ्तार

# पति की हत्या की कथित षडयंत्रकारी गई जेल

*** कथित आरोपियों को भेजा गया जेल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास




17 फरवरी की रात्रि 9 बजे निवास मुख्यालय के नजदीकी ग्राम घुरनेर निवासी राजाराम सिंगरौरे की बीच रोड़ निर्मम हत्या कर दी गई थी, उक्त घटना के बाद से मृतक की पत्नी विद्या सिंगरौरे 20 वर्ष को पुलिस प्रशासन अभिरक्षा में रखकर पूंछ ताछ कर रही थी और अंततः षडयंत्र पूर्वक हत्या की धाराओं 103(1) /61(1) 62 के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपिया को माननीय न्यायालय में पेश किया गया जहाँ से आरोपिया को मंडला जिला जेल भेजा गया।

जानकारी अनुसार जबलपुर बरेला निवासी बीस वर्षीया युवती की घुरनेर निवास निवासी राजाराम सिंगरौरे से दो वर्ष पूर्व विवाह हुआ था,लेकिन कुछ दिनों बाद से राजाराम की पत्नी विद्या सिंगरौरे अधिकांश समय अपने मायके बरेला में ही रहती थी लिहाजा इनकी अब तक कोई संतान नहीं है, पति से मधुर संबंध भी नहीं थे।

### विद्या का अकेला मन बना शैतान

मायके में रहने के दौरान विद्या से फोन पर लगातार संपर्क में रहने वाले लोगों की बड़ी फेहरिस्त है इनमें से एक खास युवक और इसके कुछ सहयोगी युवकों ने मोटर साईकिल से रात्रि में गांव पहुँचकर मृतक को फोन कर गाँव के नजदीक शहपुरा मुख्यमार्ग पर बुलाया पश्चात मृतक अपने बहनोई की मोटरसाइकिल से जैसे ही पहुँचा इसके सम्हलने के पहले हत्यारों ने दनादन चाकुओं से गले में वार कर हत्या कर दी और भाग खड़े हुये।

सरेराह हुई एकलौते संतान की हत्या की सूचना मिलते ही आक्रोशित परिजन और गांव के लोगों ने घटना स्थल पर हंगामा खड़ा कर घंटों रोड़ जाम कर दिया, मामले को गंभीरता से लेते हुये निवास थाना प्रभारी वर्षा पटैल ने समझाईस दी और आरोपियों को जल्द पकड़े जाने की बात कही और आरोपियों के मोबाईल लोकेशन के आधार पर रात्रि में ही जबलपुर रवाना हो गईं और छत्तीस घंटों में ही मुख्य षडयंत्र कारी महिला व एक और मुख्य कथित आरोपी पुलिस के कब्जे में हैं, जिसमें मृतक की पत्नी अब जेल की सलाखों के पीछे पहुंच चुकी है पुलिस घटना में संलिप्त बाकी चेहरों की सरगर्मी से तलाश में लगी है।

इस हत्या के बाद अब परिजनों व गाँव के लोगों की दबे जुबान से यह बात भी निकल रही है कि राजाराम के घर एक माह पूर्व हुई लगभग सात लाख की चोरी में भी इन्हीं षडयंत्रकारी व हत्यारों की मुख्य भूमिका हो सकती है जो निवास पुलिस के लिये न सिर्फ शूक्ष्म जाँच का विषय है बल्कि एक विधवा माँ को इंसाफ दिलाये जाने के साथ ही पुलिस की भी बड़ी अभूतपूर्व उपलब्धि साबित होगी।







## हवन-पूजन, पूर्ण आहुति के साथ होगा आज कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मृदुकिशोर कॉलोनी में स्थित श्री सिद्ध शक्ति पीठ में जारी संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत कथा का आज समापन होने जा रहा है। ज्ञात हो कि विगत 13 फरवरी को कलश यात्रा के साथ इस भक्तिमय आयोजन की शुरूआत हुई थी रोजाना इस शक्ति पीठ में सुबह 08 बजे से 12 बजे तक मूलपाठ होता था और फिर दोपहर 02 बजे से सायं 05 बजे तक संगीतमय कथा का श्रवण कराया जा रहा था। कथा व्यास पंडित श्री प्रदीप दुबे जी द्वारा श्रीमद् भागवत कथा श्रवण कराया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में कॉलोनीवासियों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई कथा का श्रवण कर उपस्थित लोगों ने धर्मलाभ उठाया। आज कथा के समापन अवसर पर सभी श्रद्धालुओं से हवन पूजन में उपस्थित होकर धर्मलाभ उठाने अपील समिति के लोगों ने की है।



### म.प्र. लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाईन ही स्वीकार करें आवेदन...........

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि म.प्र. लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी से संबंधित आवेदन अपने कार्यालय में आवेदकों से सीधे प्राप्त न करें। इस तरह के समस्त आवेदन ऑनलाईन लोकसेवा केन्द्र के माध्यम से ही स्वीकार करें। लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से ऑनलाईन दर्ज आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम 2010 के तहत 28 विभागों की 335 सेवायें ऑनलाईन सेवाएं पदाभिहीत अधिकारियों द्वारा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से प्रदाय की जा रही है।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव का बिछिया में हुआ स्वागत



**भुआबिछिया।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव का आत्मीय स्वागत बिछिया मंडल कार्यकर्त्ताओं ने गांधी द्वार पर किया। छत्तीसगढ़ भाजपा अध्यक्ष को उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के निकाय चुनाव में मिली प्रचंड जीत की बधाई दी। सिंह देव जी का बिछिया मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट ने किया। द्वारा शाल-श्रीफल से स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर शशिकांत श्रीवास्तव, राजकिशोर अग्रवाल,नरेश राजपूत, अजयपुरी गोस्वामी, नरेंद्र धुर्वे, नरेश सार्वे, प्रदीप झरिया, सीमांत भट्ट, अतुल कटारे, सुमित शिवहरे, सुमित रजक, सीमांत परिहार, शाहिद मंसूरी, धनेश्वर रानू जोगी व स्थानीय मंडल कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गोपनीय सामग्री वितरण दिनांक 21 एवं 22 फरवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2025 की गोपनीय सामग्री एवं कोरी उत्तर पुस्तिका का वितरण समन्वय संस्था शासकीय उमावि. क्रमांक 02 मण्डला से दिनांक 21 फरवरी 2025 शुक्रवार को टिकरिया थाना अंतर्गत (उत्कृष्ट नारायणगंज, कन्या नारायणगंज, मंगलगंज, मानेगांव, बम्हनी भावल) बीजाडांडी थाना अंतर्गत (बरगांव, कालपी, उत्कृष्ट बीजाडांडी, बुदरा पिपरिया, उदयपुर, पौंडी नगरार) निवास थाना अंतर्गत (पिपरिया, बबलिया, उत्कृष्ट निवास, कन्या निवास, हाथीतारा, अमगवां, बम्हनी निवास, छपरा, कन्या बबलिया, बजरंग बबलिया) मनेरी चौकी अंतर्गत (मनेरी, लहसर) नैनपुर थाना अंतर्गत (उत्कृष्ट नैनपुर, कन्या नैनपुर, नवीन नैनपुर, जामगांव, पाठासिहोरा) पिण्डरई चौकी अंतर्गत (पिण्डरई, सालीवाडा, भरवेली) बिछिया थाना अंतर्गत (उत्कृष्ट बिछिया, कन्या बिछिया, दानीटोला, दाढ़ी भानपुर, नार्मल सिझौरा, घुटास, अंजनी, घोंटा, राजो, माडल बिछिया) अंजनिया थाना अंतर्गत बालक अंजनिया, कन्या अंजनिया, माधोपुर, अहमदपुर, मांद, औरई, ककैया) मवई थाना अंतर्गत (मवई) मोतीनाला थाना अंतर्गत (भीमडोंगरी, मेढा, मोतीनाला) कुल 52 परीक्षा केन्द्र को 21 फरवरी को तथा दिनांक 22 फरवरी को शनिवार को निम्नांकित परीक्षा केन्द्र को सामग्री वितरण किया जावेगा- मण्डला नगर थाना अंतर्गत केन्द्र (उत्कृष्ट विद्यालय, रानी अवंतीबाई, क्रमांक 02, पड़ाव, फूलसागर, बिनैका, पटपरा रैयत, बिझिंया, वरिष्ठमूल शाला, सरस्वती विद्यालय, ज्ञानदीप, भारत ज्योति) महाराजपुर थाना अंतर्गत केन्द्र (नवीन महाराजपुर, कन्या महाराजपुर, घाघा, खुर्सीपार, अमल ज्योति) हिरदेनगर चौकी अंतर्गत (हिरदेनगर, रामनगर, मधुपुरी) मोहगांव थाना अंतर्गत (देवगांव, मोहगांव, चाबी, पौण्डी लिंगा, सिंगारपुर, मुनू, माडल मोहगांव, उमरडीह) घुघरी थाना अंतर्गत (घुघरी, सलवाह, नैझर, बम्हनी देवहरा, भैंसवाही, माडल घुघरी, गजराज,खजरी) बम्हनी/ टाटरी थाना अंतर्गत (हवेली बम्हनी बंजर, कन्या बम्हनी, जहरमऊ, लिमरूआ, इन्द्री, चिरईडोंगरी, लफरा, मांगा, टाटरी)।

## प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को लेकर जिला पंचायत सीईओ ने की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रेयांश कूमट की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने आवास प्लस सर्वे 2.0 की प्रगति, वर्ष 2024-25 नवीन लक्ष्य अंतर्गत की स्वीकृति के विषय में संबंधितों से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। पूर्व से स्वीकृत आवासों की किस्त जारी एवं आवास पूर्णता, प्रधानमंत्री जनमन आवास अंतर्गत की स्वीकृति, किस्त जारी एवं आवास पूर्णता, योजना अंतर्गत समग्र सीडिंग एवं अन्य बिन्दुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान बैठक में जिला प्रभारी अधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना जिला पंचायत, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, सहायक यंत्री मनरेगा एवं ब्लॉक समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण उपस्थित थे।

**उपचार** | उपचार के लिये मेडिकल कॉलेज जबलपुर किया गया रेफर।

# सुरक्षा गार्ड ने रक्तदान कर बचाई प्रसूता की जान

*** रोगी कल्याण समिति ने दी सहायता।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला







कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा जिला चिकित्सालय के समन्वित प्रयास से गर्भवती माताओं और नवजात शिशुओं के जीवन की रक्षा की जा रही है। मंगलवार को भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नैनपुर से जिला चिकित्सालय भेजी गई गर्भवती महिला अत्यंत गंभीर हालत में थी, जिसे समय पर उचित उपचार, रक्तदान तथा नगद सहायता देकर उसकी तथा शिशु की जीवन रक्षा की गई।

जिला चिकित्सा से मिली जानकारी के अनुसार नैनपुर विकासखंड के ग्राम देहला निवासी गर्भवती महिला श्रीमति स्वाति भांवरे पति श्री सुनील भांवरे को सिविल अस्पताल नैनपुर में ाछब च्तपउप हतंअपक. पजी दजमचंतजमउ दमंउंतदींहम हेतु मंगलवार को सायंकाल 6 बजे भर्ती किया गया था। प्रसव के पहले अत्यधिक खून जाने के कारण महिला की स्थिति गंभीर थी। उक्त महिला को सिविल अस्पताल नैनपुर से प्राथमिक उपचार कर तत्काल जिला चिकित्सालय मण्डला रेफर किया गया। गर्भवती महिला मरीज को जिला चिकित्सालय मण्डला के मेटरनिटी विंग में भर्ती किया गया। महिला की स्थिति ठीक न होने के कारण ऑन ड्यूटी नर्सिंग ऑफिसर तथा डॉ. मालती उइके (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) द्वारा तत्काल ही उपचार शुरू कर दिया और मरीज की जाँच करने पर यह पाया गया कि महिला के बच्चादानी में बच्चे से पहले कनेरी निकल रही थी, जिसके कारण महिला को अत्यधिक रक्त स्त्राव हो रहा था एवं महिला की स्थिति गंभीर थी। खून के अत्यधिक जाने के कारण महिला के शरीर में खून की कमी हो रही थी, उस समय जिला चिकित्सालय मण्डला के ब्लड बैंक में उस ग्रुप (बी$) का खून उपलब्ध नहीं था।

मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय प्रबंधन ने तत्परता दिखाते हुए रक्त की आवश्यकता के विषय में समस्त टीम को अवगत कराया। इस पर जिला चिकित्सालय मण्डला के सुरक्षा गार्ड कर्मचारी श्री श्याम बिहारी द्वारा स्वेच्छा से महिला मरीज को रक्तदान किया गया साथ ही सिविल सर्जन डॉ. विजय सिंह धुर्वे के द्वारा रोगी कल्याण समिति के माध्यम से 2000 रूपये की सहायता राशि प्रदाय की गई। महिला मरीज को चिकित्सालय में समुचित उपचार देकर सरकारी एम्बुलेंस 108 के माध्यम से मेडिकल कॉलेज जबलपुर रिफर कर दिया गया तथा मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों को महिला मरीज की स्थिति से अवगत कराया गया। मेडिकल कॉलेज जबलपुर के चिकित्सकों के द्वारा उक्त महिला का सिजर ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के दौरान महिला मरीज का सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर 20 पहुंच गया था। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों की टीम के द्वारा 2 एफ.एफ.पी., 2 ब्लड तथा मरीज को जीवन रक्षक दवाईयों पर रखा गया। अब महिला स्थिति सामान्य है, जच्चा एवं बच्चा दोनों ही स्वस्थ्य हैं।

### शांति समिति की बैठक आज...................

**मण्डला।** 21 फरवरी 2025 को जिला योजना भवन में शाम 5 बजे महाशिवरात्री, होली एवं आगामी पर्वों के संबंध में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। उक्त बैठक में सभी संबंधितों की उपस्थिति अनिवार्य है।

## शासकीय गौशाला में तैयार की जा रही वर्मी कम्पोस्ट



*** केंचुआ खाद से ग्राम पंचायत की आय में वृद्धि।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जनपद पंचायत नैनपुर की ग्राम पंचायत चमरवाही के पोषक ग्राम डुडम में गौशाला संचालित है जिसमें 105 पशु हैं। ग्राम पंचायत की पहल पर आय के स्त्रोत बढ़ाने हेतु ग्राम पंचायत द्वारा गाय के गोबर से केंचुआ खाद तैयार किया जा रहा है। तैयार खाद की एक बोरी (50 किलोग्राम) 1800 से 2000 रूपये में विक्रय की जा रही है। गौशाला परिसर में 5 केंचुआ खाद के बेड तैयार किये गये हैं। ग्राम पंचायत में निर्मित केंचुआ खाद की गुणवत्ता को देखकर बाहर के लोगों द्वारा खाद क्रय के ऑर्डर ग्राम पंचायत को प्राप्त हो रहे हैं। इसी क्रम में इंदौर के व्यापारियों द्वारा 2000 रूपए प्रति बोरी खाद के लिए ऑर्डर प्राप्त हुआ है।

गौशाला में गोबर को सुखाने के उपरांत बारीक किया जाता है तथा बारीक गोबर में नमी लाकर केंचुआ छोड़ा जाता है। केंचुआ छोड़ने के उपरांत 90 दिवस में केंचुआ खाद तैयार होती है वर्तमान में खाद के 5 बेड तैयार किये गये हैं।

**खबर संक्षेप**

## जनशिक्षा केंद्र कन्या नवीन में में किया गया बैठक का आयोजन



**गाडरवारा।** गुरुवार को नगर के जनशिक्षा केंद्र पीएम श्री शासकीय कन्या नवीन विद्या भवन की बैठक आयोजित की गईं। बताया जाता है कि इस बैठक मे जनशिक्षक बनवारी लाल नागवंशी ने कहा कि कक्षा 5 और 8 वी की वार्षिक परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू हो रही हैं। वही इन परीक्षाओं मे शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। जनशिक्षक मो अपसार खान ने कहा कि प्रधान पाठको की जिम्मेदारी हैं कि बच्चों को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय पर उपस्थित कराएं। परीक्षा मे शामिल हो रहे बच्चों को प्रवेश पत्रों का वितरण जल्द कराएं। बैठक मे जनशिक्षा केंद्र की अधीनस्थ शालाओं क्रे प्रधानपाठक उपस्थित रहे।

## महाप्रसादी के साथ हुआ सप्तदिवसीय भागवत कथा का समापन .

**गाडरवारा।** स्थानीय इंदिरा कालोनी के शिवधाम मे श्री गणेश मंडल समिति द्वारा 13 फरवरी से प्रारंभ हुए रुद्री निर्माण,रुद्राभिषेक एवं संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का समापन महा प्रसादी के साथ बडे ही धूमधाम के साथ हुआ। बताया जाता है कि गुरुबार को कथा स्थल पर हुई महा प्रसादी मे अनेक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की गई। वही कलश यात्रा से प्रारंभ हुए इस आयोजन मे प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 11 बजे तक रुद्री निर्माण एवं दोपहर 2 बजे से संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन हुआ तो दूसरी ओर प्रतिदिन कथा मे कथा वाचक स्वामी विश्वनाथ शास्त्री द्वारा संगीतमय कथा सुनाई एवं कहा कि श्रीमद भागवत कथा का आयोजन करवाना चाहिए। इस आयोजन मे विश्वनाथ शास्त्री, राजेश शर्मा, संतराम पटैल, छोटेलाल कौरव, अमर सिंह पटैल सर्जन सिंह पटेल,आशीष पटैल, नरेन्द्र पटैल देवेन्द्र पटैल, अजय पटैल, राजेश लमानिया संतोष पटेल, आलोक सोनी, प्रशांत पाल संतोष नोरिया,संजय कोरी,बंटी शर्मा, भूरा सराठे, गौरव सोनी सहित गणेश मंडल शिव धाम इंदिरा एवं कालोनीवासियो का सहयोग मिला।

## अलग अलग स्थानों से पुलिस ने जप्त की गई अवैध शराब

**गाडरवारा।** शराब के अवैध कारोबार को लेकर पुलिस द्वारा लगातार धरपकड़ मुहिम चलाई जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस पुलिस द्वारा समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम मारेगांव रोड़ पर एक युवक को कुप्पी में अवैध रूप से शराब रखे हुये पकड़कर जब उससे पूछताछ की गई तो आरोपी द्वारा अपना नाम नानकराम पिता मानक लाल रझर उम्र 45 साल निवासी ग्राम नयाखेड़ा बताया गया। इस प्रकार से आरोपी के पास से शराज जप्त की गई। इसी प्रकार से सिहोरा चौकी पुलिस द्वारा भी ग्राम गरहा मेन बाजार में ग्राम मुढिया निवासी राघवेन्द्र पिता गोपाल पटैल उम्र 26 साल के पास से 13 पाव देशी तथा नगर के मरघटा मुहल्ला में एक महिला के पास से 5 लीटर व नगर के हनुमान वार्ड में एक महिला के पास से 5 लीटर कच्ची तथा नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में भी एक महिला के पास से 4 लीटर एवं समीपस्थ ग्राम पुरगंवा बस स्टेन्ड के पास ग्राम बोहानी निवासी प्रवीण पिता दुर्गा प्रसाद सेन उम्र 40 साल के पास से 15 पाव देशी प्लेन शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से डोगरगांव पुलिस द्वारा भी अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हीरापुर रोड पर सुनील पिता मद्दू ठाकुर के पास से 5 लीटर तो ग्राम कुडारी में एक महिला के पास से 6 लीटर कच्ची महुआ की शराब तो ग्राम कल्याणुपर में वही के निवासी नरेन्द्र उफ नारायण प्रजापति के पास से भी देशी तथा ग्राम कुडारी में सुमंत पिता नरेन्द्र कौरव निवासी डोगरगांव के पास से 5 लीटर जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा आवकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# क्या आज विश्व मातृ भाषा दिवस पर हमारी हिन्दी भाषा को मिल पायेगा सम्मान, लगातार अंग्रेजी बोल बाला के चलते मातृभाषी हो रहे हैं परेशान...

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**





हर क्षेत्र में लगातार अंग्रेजी भाषा का बोल बाला होने के चलते हमारे देश की राष्ट्रभाषा हिन्दी को मात्र साल में दो दिन यानि की विश्व हिन्दी दिवस या फिर राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के मौके पर बधाई संदेश देने तक ही सीमित होकर रहते हुये देखा जाने लगा है? जिसकी सच्चाई आज शुक्रवार को विश्व मातृभाषा दिवस के मौके पर देखने मिलेगी की आखिरकार हमारी मातृभाषा को कितना सम्मान मिलता है..? यदि मातृ भाषा को सम्मान देने की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अंग्रेजी के बाल बाला होने के चलते जहां लोग हमारी मातृ भाषा को सिर्फ भूल ही नही रहे है बल्कि यदि उसका कोई उपयोग करता है तो अंग्रेजी की ओर बढ़ रहे इस कल्चर में उसे हीन भावना से देखने में कसर नही छोड़ रहे है..? जबकि दुनिया के अन्य देशों से लेकर प्रांतों में आज भी वहां की मातृ भाषा को सम्मान मिलते हुये देखा जा रहा है..? जबकि हमारे देश की मातृ भाषा हिन्दी है मगर हमारे ही देश में हिन्दी भाषी परेशान होते हुये देखे जा रहे है। मगर सरकारी से लेकर निजी कार्यालयों सहित बैकों में वही अग्रेंजी भाषा का साम्राज्य देखने मिला रहा है। आज विश्व मातृ भाषा दिवस के मौके पर निश्चित तौर से शायद ही कही शासकीय कार्यालयों में हिन्दी भाषा को याद करते हुये कार्यक्रमों होते हुये दिखाई देना मुश्किल होने से नही चूक पायेगा..? क्योंकि हुये माह भी विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर लोगों द्वारा जहां हिन्दी भाषा को याद जरूर किया जावेगा। मगर वह मात्र औपचारिकता पूर्ण ही साबित होने से नही चूक पाया था। क्योकि इस अवसर पर शासकीय कार्यालयों व किसी संस्था में हिन्दी दिवस के नाम पर शायद ही राष्ट्र भाषा को याद करते हुये कोई कार्यक्रम आयोजित होते हुये देखे गये हो..? यदि हुये तो वह मात्र औपचारिकता पूर्ण साबित होने से नही चूके थें। कुछ इसी प्रकार का हाल आज विश्व मातृभाषा दिवस पर दिखाई देने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? जिस प्रकार से देखा जा रहा है कि लोग अंग्रेजी का बोलबाला होने के कारण हमारी मातृ भाषा को कुलते चले जा रहे है वह निश्चित ही चिंता जनक सच्चाई उजागर होने से नही चूक पा रही है? हर छोटे कार्यालय से लेकर बड़े कार्यालयों में अंग्रेजी की मार के चलते जहां मातृ भाषी परेशान होत चले जा रहे है। वही दूसरी ओर लोगों में अपने बच्चों को जिस प्रकार से अंग्रेजी की ओर ढकेला जा रहा है उसका हमारी हिन्दू संस्कृति पर भी काफी हद तक प्रभाव देखने मिल रहा है। यह बात अलग है कि हमारी मातृ भाषा हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा जरूर मिल गया है। मगर इसके बाद भी लोगों द्वारा हर कार्य में जिस प्रकार से अंग्रेजी को महत्व दियास जा रहा है उसके चलते सही मायने में देखा जावे तो मातृभाषा विलुप्त होते हुए दिखाई दे रही है। इतना ही नही यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक बैकों में स्पष्ट लिखा होता है कि हिन्दी का उपयोग किया जावेगा तो हमे बड़ी प्रसन्नता होगी। मगर यह लिखा हुआ शब्द मात्र वोर्ड की शोभा बढ़ाने तक ही सीमित होकर रहे चुका है? जबकि सच्चाई यह है कि अभी भी बैंक, बिजली विभाग सहित अन्य फाईनेस कंपनियों द्वारा अपने माल को उपभोक्ताओं को बेचने वाली कंपनियों में अंग्रेजी का वर्चस्व बना हुआ है। हालत यह है कि कई नामचीन कंपनियों के लिए काम करने वाले स्टाईलिश युवा फर्राटे दार अंग्रेजी बोलकर पहले तो उपभोक्ताओं को प्रभावित करने की चेष्टा करते है और बाद में मशीन या अन्य फाईनेस करने के लिए अंग्रेजी भाषा में लिखा एग्रीमेन्ट फार्म पेश करा लेते है और उस पर कम पढ़े लिखे लोगों द्वारा बगैर समझे ही हस्ताक्षर या फिर अंगूठा लगवाने से नही चूकते है। जबकि देखा जावे तो उस अंग्रेजी एग्रीमेन्ट में क्या लिखा है वह उपभोक्ता को पता तक ही नही रहता है...? गौरतलब है कि अंग्रेजी न जानने वाले बहुत से उपभोक्ता कंपनियों के अभिकर्ताओं की बातों में आकर इन अनुबंध पत्रों पर हस्ताक्षर तो कर देते है। मगर बाद में उनके दिमाग में यह शंका उभरने लगती है कि अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करने के दौरान कही उनसे ऐसी गलती तो नही हो गई है, जिसके कारण बाद में उन्हें पछताने मजबूर होना पड़े और अक्सर ऐसा होता भी यही है? भारत की समर्थ मातृ हिन्दी के बोलने, समझने, लिखने वालों की बड़ी तादाद क्षेत्र में होने के बावजूद भी अंग्रेजी भाषा में लिखे अनुबंध पत्रों के गोरख धंधे को लेकर समूचे क्षेत्र में इन दिनों कई तरह की चर्चाएं सुनाई पड़ रही है? आमजनों का कहना है कि कभी-कभी अंग्रेजी भाषा में उपभोक्ताओं के सामने पेश किये जाने वाले एग्रीमेन्ट फार्म भ्रम पैदा करते है और शासकीय विभागों या कंपनियों और उपभोक्ताओं के बीच बनी विश्वास की डोर ढ़ीली पड़ने लगती है। इसलिए जरूरत इस बात की है कि जिम्मेदार विभागों, कंपनियों के अनुबंध पत्रों में हिन्दी भाषा का प्रयोग किया जाना चाहिए। इस तरह आज विश्व मातृभाषा दिवस को लेकर जब हमारी टीम द्वारा अलग अलग जगहों पर लोगों से चर्चा की गई तो नवाचारी शिक्षक मधुसूदन पटैल का कहना है कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और मातृभाषा प्रति हमारा लगाव होना चाहिये। हमारे द्वारा इस तरह के प्रयास होना चाहिये कि मातृभाषा के प्रति सजक रहते हुये बच्चों को इसके महत्व से अवगत कराया जावे। मातृ भाषा हिन्दी को सम्मान जनक दर्जा दिलाने का प्रयास होना चाहिये। आमतौर पर देखने में आता है कि बैकों में ऋण लेने या फिश्र अन्य कार्यो के लिये आम लोगो से अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित अनुबंध भरवाये जाते है। इस हालत में निश्चित ही अंग्रेजी का ज्ञान न होने से अधिकतर व्यक्ति दुविधा में पड़ जाते है। इस तरह मातृभाषा की अनदेखी भारी पड़ सकती है। वही नगर के शिक्षक संदर्भ समूह के जिला समन्वयक सिराज अहमद सिद्दीकी का कहना है कि मातृ भाषा हमारी पहली भाषा होती है, जो हमे हमारे परिवार व समाज से जोड़ती है। यह हमारी संस्कृति, परम्परा और पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आज विश्व मातृभाषा दिवस के अवसर पर हम अपनी मातृभाषा के महत्व को समझना चाहिये और उसके संरक्षण के लिये काम करना चाहिये, हमे अपनी मातृभाषा को अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिये तथा अन्य लोगो को भी इसके प्रति प्रोत्साहित करने की जरूरत है। वही नवाचारी शिक्षिका श्रीमति भगवती मेहरा का कहना है कि आज हमारा विश्व मातृभाषा दिवस से आशय मातृभाषा के प्रति जन समुदाय में जन जाग्रति लाना है। वर्तमान सोशल मीडिया के दौर में यदि जाग्रति आयेगी तो हमारी मातृ भाषा के महत्व को हम भलि भांति जमझ पायेगे। यदि हमारी मातृ भाषा की सच्चाई पर गौर किया जावे तो हम अपने बच्चों को खुद ही इससे दूर करते चले जा रहे है। मगर यदि हमारी मातृभाषा को हमने समय रहते हुये संभाला नही गया तो काफी देर हो जावेगी। इसी प्रकार से नगर की नवाचारी शिक्षिका श्रीमति स्वाति चौहान का कहना है कि इस पृथ्वी लोक पर मानव जीवन को गढ़ने तथा विश्व कल्याण के लिये विचारों के समान शक्तिशाली अन्य कोई साधन नही है और मानव के मस्तिष्क में सर्वोत्तम विचार उकसी मातृभाषा में ही आते है। यह बात अलग है कि सभी देशों व प्रांतों में अपनी अपनी अलग अलग मातृभाषाये है। मगर हमारी मातृभाषा हिन्दी है और उसे बचाने के लिये हमे जन जाग्रती की जरूरत है। बेतहर यही होगा कि सभी मातृभाषा को लेकर आमजन के बीच विश्वास जीतने का प्रयास करें तभी हम हमारे देश में मातृभाषा को सम्मानित कर पाने में सफल हो सकते है।



## महाशिवरात्रि पर्व पर शिवधाम डमरूघाटी पर लगने वाले मेले की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** समीपस्थ तेंदूखेडा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शिवधाम डमरूघाटी में महाशिवरात्री के दौरान लगने वाले मेले ने संपूर्ण प्रदेश में अपनी एक अलग पहचान बना ली गई है। इसी का परिणाम है कि हर साल इस मेले में लाखों की संख्या में हुजूम उमड़ने से नही चूकता है। इसी के चलते बीते हुये जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने डमरूघाटी शिवधाम परिसर में आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर तैयारियों और व्यवस्थाओं के संबंध में डमरूघाटी के पदाधिकारी व सदस्यों के साथ बैठक लेते हुये उन्होंने यहां संबंधित एसडीएम, एसडीओपी, सीएमओ को आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने डमरूघाटी में महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं के आने- जाने की मार्गो की व्यवस्था के आलवा प्रकाश व्यवस्था, पूजन व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, वाहन पार्किंग एवं अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। वही कलेक्टर श्रीमती पटले ने यातायात व आवागमन को सुचारू बनाये रखने के लिए डायवर्सन प्वाइंट व ट्राफिक प्लान तैयार करने के निर्देश दिये। समिति के सदस्यों ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर लगभग एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं का पूजन- अर्चन करने आना होगा। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि इन श्रद्धालुओं की संख्या के अनुसार तैयारी हो। श्रद्धालुओं की सहूलियत का विशेष ध्यान रखें। बारी- बारी से श्रद्धालु दर्शन करने जायें। फायर बिग्रेड, स्वास्थ्य टीम आदि की भी व्यवस्था करने के लिये आदेशित किया गया। बैठक के उपरांत कलेक्टर ने डमरू घाटी का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख ने शक्कर नदी पुल के पास रेट घाट पर लगने वाले मेले के बारे में जानकारी दी गई। इस बैठक में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी श्रीमती कलावती ब्यारे, डमरूघाटी समिति के अध्यक्ष हंसराज मालपानी, अशोक काबरा, बसंत डागा, चंद्रकांत शर्मा, रामगोपाल अग्रवाल, सुभाष जैन, कन्हैया यादव सहित समिति के अन्य सदस्य और संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# एनटीपीसी में नौकरी लगवाने के नाम पर ग्रामीणों से हड़प लिये तीस हजार, डोगरगांव पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ किया मामला दर्ज

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**






लोग ग्रामीण गरीबों की मजबूरी का फायदा उठाते हुये किस तरह उन्हें अपनी बातों व पहचान का वास्ता देते हुये पैसे एठने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत देखने मिली है जहां पर दो लोगों ने ग्रामीणों को एनटीपीसी में नौकरी लगवाने के नाम पर उनसे तीस तीस हजार रूपया बसूल लिये गये। वही पीड़ितों द्वारा जब इस सच्चाई की डोगरगांव थाने में शिकायत की गई तो टीआई उमेश तिवारी भी मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बीते हुये दिवस ग्राम छैनाकदार निवासी प्रार्थी कमदेश पिता मुन्ना लाल अहिरवार उम्र 33 साल द्वारा आवेदन देते हुये की गई अपनी शिकायत में उल्लेख किया गया है कि चीचली निवासी राजकुमार अहिरवार एवं राजा अहिरवार निवासी मारेगांव द्वारा एनटीपीसी डोगरगांव मे नौकरी लगवाने के नाम पर हम लोगों से पैसा बसूले गये। शिकायत कर्ता का कहना है कि चीचली के राजकुमार अहिरवार एवं राजा अहिरवार निवासी मारेगाँव से मेरी जान पहचान थी तथा राजकुमार चौधरी व राजा अहिरवार एन टी पी सी में नौकरी करते है। इसी के चलते प्रार्थी द्वारा राजकुमार चौधरी से एन टी पी सी में नौकरी लगवाने की बात कही तो राजकुमार चौधरी बोला कि मैं राजा चौधरी से बात करके बताउँगा क्योंकि राजा चौधरी की एन टी पी सी के ठेकेदारों से पहचान है । इसके बाद राजकुमार एवं राजा अहिरवार ने एन टी पी सी में नौकरी लगवाने की बात को लेकर कहा कि तीस तीस हजार रूपया लगेगे तभी नौकरी लग पायेगी। प्रार्थी का कहना है कि यह बात मैने अपने गाँव के महेंद्र अहिरवार और जीजा कमलेश अहिरवार निवासी बेलखेड़ी शेड़ थाना ठेमी, अभिषेक सतारे निवासी जमाड़ा व अन्य लोगों को बताई तथा प्रार्थी द्वारा 8 अगस्त 2024 को कुल 30 हजार रुपये नगद तथ महेंद्र अहिरवार निवासी छैनाकछार ने भी उसी तारीख को 30 हजार रुपया नगद तथा जीजा कमलेश अहिरवार निवासी बेलखेड़ी ने 30 हजार रुपया नगद राजकुमार अहिरवार निवासी चीचली को दिये हैं। इसी प्रकार अभिषेक सतारे निवासी ग्राम जमाड़ा ने राजा चौधरी निवासी मारेगाँव को एन टी पी सी में नौकरी लगवाने के लिये 15 हजार रुपये 18 अगस्त 24 को व राजकुमार अहिरवार के फोन पे पर 12 हजार रूपया 24 जून 24 को तथा 8 अगस्त 24 को राजा अहिरवार की माँ के फोन पे पर 3000 रुपये दिये थे। वही प्रार्थी का कहना है कि मेरे साथ आये त्रिलोक अहिरवार निवासी मारेगाँव ने भी राजा को 30 हजार रुपये नगद एन टी पी सी में नौकरी लगवाने के नाम पर 7 अगस्त 24 को दिये गये। इसी प्रकार से धनराज गूजर निवासी छैनाकछार (सालीचौका) ने भी राजा अहिरवार को 20 हजार रुपये नगद एवं 10 हजार रुपया उसकी माँ के फोन पे पर एन टी पी सी में नौकरी लगवाने के नाम पर दिये। वही संजू चौधरी निवासी मेहगुवाँ ने भी राजा को 25 हजार रुपये नगद एवं 5 हजार रुपया राजा अहिरवार की माँ के फोन पे पर 7 अगस्त 24 को दिये। इसी प्रकार नीरज अहिरवार निवासी छैनाकछार ने भी राजा को 20 हजार रुपये नगद एवं 5 हजार रुपया की माँ के फोन पे 7 अगस्त 24 को एवं एवं 5 हजार रुपया राजा अहिरवार के कहने पर उसकी कपड़े की दुकान पर काम करने वाले हर्ष नरवरिया के फोन पे पर 11 अगस्त 24 को दिये गये। इसके अलावा राजेश अहिरवार निवासी मारेगाँव, नीरज रझर निवासी छैनाकछार ने भी 30-30 हजार रुपये नगद एन टी पी सी में नौकरी लगवाने के नाम पर राजा को दिये थे तथा उक्त दोनों राजकुमार चौधरी चीचली एवं राजा अहिरवार मारेगाँव के द्वारा अन्य लोगों से भी एन टी पी सी में नौकरी लगवाने के नाम पर पैसे लिये हैं। जब काफी समय तक हमारी नौकरी नही लगवाई तो हमने दोनों से अपने दिये गये रुपये वापस माँगे तो उन्होने रुपये देने से इंकार कर दिया तथा दोनो बोले कि जहाँ रिपोर्ट करना है कर दो हम पैसे वापस नहीं करेंगे। इस तरह नौकरी के नाम पर आरोपियों द्वारा लगभग आधा दर्जन से अधिक लोगों के पास से तीन लाख साठ हजार की राशि बसूले जाने की शिकायत पर पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। वही दूसरी ओर एनटीपीसी में नौकरी लगाने के नाम पर अवैध रूप से बसूली करने का डोगरगांव पुलिस के टीआई उमेश तिवारी द्वारा एक सनसनी खेज मामले की सच्चाई को उजागर करने में सफलता हासिल की गई है।

# मंचों से गौवंश सरंक्षण के नाम पर भाषण देने वालों की सच्चाई पर भरत कौरव ने दिखाया आईना..








**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि लोगों को आये दिन गौमाता की सेवा से लेकर अन्य प्रकार की बाते करते हुये मंचों पर देखा जाता है। वही दूसरी ओर प्रतिदिन नगर के रेलवे स्टेशन से इस समय चल रहे महाकुंभ स्नान के लिये लोगों की भीड़ नगर के रेलवे स्टेशन से जाते हुये देखी जा रही है। मगर इस तरह की सच्चाई देखकर दुख होने से नही चूक पाता है कि गौ भक्तों की फौज वाले क्षेत्र में गौमाता की इस तरह का हाल सबाल खड़े करने से नही चूक पाता है..? यह सच्चाई गौ भक्तों के साथ रेल से लेकर रेल पुलिस के उन अधिकारियों की भूमिका पर भी सबाल खड़े करने से नही चूक पा रहा है जो रेलवे स्टेशन पर पेहरा देते हुये देखे जाते है। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले नगर के रेल्वे स्टेशन पर एक गौवंश की किसी ट्रेन से कट जाने के बाद मौत होने की स्थिति में रात भर वह गौवंश वहां पर पड़ रहने की स्थिति में मांस की कुत्ते नोचते हुये दिखाई देने से नही चूक रहे थें। जन चर्चाओं से मिल रही जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि यह गौवंश इस तरह बीते हुये लगभग चार दिनों से पड़ा हुआ है..? मगर इस सच्चाई को जब समाजसेवी व गौ सेवक भरत कौरव भीमा ने देखा तो उसके द्वारा अपना आक्रोश व्यक्त करते हुये रेल प्रशासन के साथ साथ रेल पुलिस की भूमिका पर सबाल खड़े करते हुये आंदोलन की चेतावनी दे डाली। इस बात की जानकारी जब गुरूवार को नगर पालिका प्रशासन को लगी तो मृत गौवंश को नगर पालिका टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर हटाने की प्रक्रिया को पूर्ण किया गया। इस तरह मानवता को सर्व सार करने वाली सच्चाई ने निश्चित तौर से उन लोगों को आईना दिखाने में कोई कसर नही छोड़ी गई तो गौवंश संरक्षण को लेकर आये दिन मंचों से बड़ी बड़ी बाते करते हुये तो देखे जाते है। मगर इस सच्चाई को नजर अंदाज करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है।

# ससुराल पक्ष द्वारा मृत बेटे द्वारा लिये गये पैसों की मांग करते हुये पिता के साथ की गई मारपीट

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**



जहां लोग अपनी बेटी के पति को ससुराल पहुंचाने पर सम्मान देते है। मगर कुछ लोग इस तरह से होते है कि वह दमाद के साथ मारपीट करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम इमालिया में देखने मिली जहां पर किसी पैसों की बात को लेकर साले के साथ मिलकर चाचा ससुर ने अपने दामद के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। घटना के संबंध में डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम लिलवानी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब में अपनी पत्नी को लेने के लिये ससुराल ग्राम इमलिया थाना डोगरगांव गया हुआ था तो उसी दौरान प्रार्थी की चाचा ससुर का लड़का संत कुमार कौरव बोला की तुम्हारे लडके शिवम कौरव को दो साल पहले पांच लाख रूपया दिये थें वह पैसें वापिस दे देदो। इस बात को लेकर प्रार्थी ने अपने साले से कहा कि मेरे लडके शिवम को खत्म हुये डेढ साल हो गये है उसने कभी मुझे पैसों के बारे में नही बताया है। इतनी अधिक राशि मैं नही दे पाऊगा। इसी बात को लेकर प्रार्थी के चाचा ससुर सर्जन कौरव एवं राम कुमार कौरव द्वारा एक राय होकर गंदी गंदी गाली देना शुरू कर दी गई जिसके चलते प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो साले संत कुमार एवं चाचा ससुर राम कुमार द्वारा एक राय होकर प्रार्थी को पकड़ लिया गया तथा सर्जन कौरव द्वारा कुल्हाडी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई इस दौरान प्रार्थी की लड़का सत्यम व पत्नी द्वारा मौके पर पहुंचकर किसी तरह प्रार्थी को बचाया और प्रार्थी अपने बेटे के साथ पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत किये जाने पर पुलिस ने प्रार्थी दमाद की शिकायत पर आरोपी साले सहित चाचा ससुर के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### प्राथमिक शिक्षक लुटगांव डुमारी लाल परस्ते निलंबित

**डिंडौरी।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग डॉ. संतोष शुक्ला ने प्राथमिक शिक्षक लुटगांव डुमारी लाल परस्ते को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश में उल्लेख है कि प्राथमिक शिक्षक डुमारी लाल परस्ते प्राथमिक शाला लुटगांव विकासखंड डिंडौरी द्वारा शिक्षा के अधिकार अधिनियम के विरूद्व अध्ययनरत विद्यार्थियों से शाला प्रांगड़ में रखी ईटों की ढुलाई का कार्य कराकर अपने कर्तव्य की प्रति लापरवाही कर सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1,2,3 का उल्लंघन करने का कृत्य किया गया। उक्त कृत्य के लिए मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए डुमारी लाल परस्ते प्राथमिक शिक्षक प्राथ. शाला लुटगांव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन काल में डुमारी सिंह परस्ते का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी डिंडौरी निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

### स्वस्थ्य बच्ची को पाकर मॉ ने किया प्यार दुलार

**शहडोल।** जिला चिकित्सालयों में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इन सुविधाओं में निःशुल्क सीटी स्कैन, दवाईयां, नवजाज शिशुओं का बेहतर उपचार जैसे अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित की जाती है, उक्त सुविधाओं का उद्देश्य आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। इसी कड़ी में तहसील सोहागपुर के ग्राम खमरिया निवासी आशा बैगा पति अशोक बैगा ने करीब दो माह पहले समय के पूर्व सात माह के गर्भ धारण के बाद ही एक बच्ची को जन्म दिया था। जिला चिकित्सालय शहडोल में खमरिया टोला के आशा बैगा ने 7 माह गर्भ के बाद 850 ग्राम प्री मेच्योर बेबी का जन्म दिया तो एसएनसीयू स्टॉफ बच्ची को नया जीवन देने के लिए पूरी कोशिश में जुट गए और 59 दिन तक बच्ची के हर गतिविधियों पर नजर रखी और जो भी सभी समस्या आई तो उसे त्वरित निदान किया गया और अतंतः एस.एन.सी.यू. स्टाफ एवं डॉक्टरों की दो माह की मेहनत रंग लाई। श्रीमती आशा बैगा ने अपनी बच्ची को स्वस्थ्य देखकर खुशी से प्यार दुलार किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन डॉ. राजेश मिश्रा ने बताया कि बच्ची को नया जीवन देने में जिला चिकित्सालय शहडोल में पदस्थ बाल रोग चिकित्सक डॉ. सुशील हथगेल एवं एस.एन.सी.यू. स्टाफ की अहम भूमिका रही।

### विकासखंड स्तरीय टीएलएम मेले का हुआ आयोजन

**शहडोल।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल एवं परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र के अनुक्रम में 20 फरवरी को सुबह 11 बजे से विकासखंड जयसिंहनगर में संचालित ईसीसीई विद्यालयों के शिक्षकों के लिए विकासखंड स्तरीय टीएलएम मेले का आयोजन किया गया। इस मेले के आयोजन में मास्टर ट्रेनर डी.पी.पटेल एवं शिव शंकर तिवारी के मार्गदर्शन में भाषा ,संज्ञानात्मक तथा रचनात्मक विकास विधाओं पर चयनित विद्यालय के शिक्षकों द्वारा तैयार की गई सहायक सामग्री प्रदर्शित कर बच्चों को विभिन्न कौशलों के विकास के बारे बताया गया, मेले में सर्वश्रेष्ठ तीन-तीन प्रविष्ठियों का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया।

### कर्मचारी-अधिकारी एवं श्रम संगठन का सामंजस्य बेमिसाल

**शहडोल।** बिलासपुर रेल जोन के कर्मचारी-अधिकारी एवं श्रम संगठन रेलवे मजदूर कांग्रेस आपसी सामंजस्य बेमिसाल है, बिलासपुर रेल जोन में कार्मिक विभाग तीनों रेल मंडल रायपुर , नागपुर, बिलासपुर में कर्मचारियों के कल्याण , प्रमोशन, नियुक्ति समस्या निवारण में उल्लेखनीय कार्य किया है, कार्मिक विभाग बधाई के हकदार हैं, उक्त उद्गार महाप्रबंधक बिलासपुर तरुण प्रकाश ने जोनल पीएनएम बैठक में कही। रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी लक्ष्मण राव एवं जोनल प्रवक्ता गोपी राव ने बताया कि साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के वर्ष 2025 की प्रथम जोनल स्थाई वार्ता तंत्र बैठक 19 व 20 फरवरी को जीएम सभागार बिलासपुर में संपन्न हुई, दो दिवसीय बैठक में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक बिलासपुर तरुण प्रकाश की उपस्थिति में संपन्न हुई, बैठक में उपमहाप्रबंधक विजय कुमार साहू ,बैठक का संचालन मार्गदर्शन श्रीमती दर्शनलिता अहलूवालिया ने किया।

# झारिया समाज के प्रांतीय सामाजिक सम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन

## समाज के वरिष्ट जनों ने एकजुटता और समरसता पर रखे अपने अपने विचार

शहपुरा

झारिया मेहरा सेवा समिति शहपुरा के तत्वाधान में सोमवार को खेरमाई प्रांगण ग्राम टिकरिया में प्रांतीय सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के कई जिलों से झारिया (मेहरा) समाज के बड़े बुर्जुग, झारिया समाज के जिला संगठनों के जिला अध्यक्ष कार्यकारणी के पदाधिकारी , एवं मातृशक्ति कार्यक्रम में शामिल हुए ,सर्वप्रथम कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमति अंजू डॉ जितेंद्र ब्यौहार (उपाध्यक्ष जिला पंचायत डिंडोरी) वशिष्ठ अतिथि श्री फकीरे लाल गौलिया, कार्यक्रम के अध्यक्ष गोविंद गोलियां ,समिति प्रमुख उमा प्रसाद



झारिया ,संरक्षक शोभा राम झारिया एवं अन्य जिलों से पधारे संगठन के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा खेरमाई प्रांगण में खेर माता का पूजन किया उसके उपरांत मां नर्मदा एवं बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर के छाया चित्र पर मलाया अर्पण कर कन्या पूजन और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में समाज के सभी संगठन के पदाधिकारियों ने समाज की एकजुटता और समरसता पर अपने विचार रखा। समाज उत्थान की अग्रणी संस्था है जो लगातार कई वर्षों से समाज कल्याण के लिए कार्य कर रही जैसे महिला शिक्षा, मेधावी विद्यार्थीयो का सम्मान , शिक्षकों का सम्मान , नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था, निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन ऐसे तमाम मानवसेवा समाज हितैषी कार्य संस्था के द्वारा किया जा रहा है इसी तारतम्भ में समाज के मेधावी विद्यार्थीयो को सम्मानित करते हुए पुरस्कार वितरण किया गया साथ ही साथ ही समाज के वयोवृद्ध जनों को सम्मानित करते हुए उनसे मार्गदर्शन प्राप्त हुआ ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंजू व्यौहार उपाध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा कहा गया कि हमारा समाज हमेशा से महिलाओं को मंच देता है उनके सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करता है । आयोजित प्रांतीय सामाजिक सम्मेलन में मृत्य भोज पर चर्चा , खर्चीली शादी पर रोक, सामाजिक सह जातियों के संधीकरण पर चर्चा के पश्चात आवश्यक प्रस्ताव पारित किए गए । प्रांतीय सामाजिक सम्मेलन समारोह में झारिया सेवा समिति के संरक्षक शोभा राम झारिया, अध्यक्ष उमा प्रसाद झारिया, कोषाध्यक्ष पृथ्वी झारिया, सचिव महेंद्र झारिया, संयोजक प्रकाश झारिया, उपाध्यक्ष मिथलेश झारिया ,लल्लू लाल, डुमरी लाल,गेंदालाल,संतोष झारिया, नर्मदा प्रसाद,बद्री प्रसाद, मटरू लाल, कमल झारिया, देवलाल नागेश,नरबद प्रसाद, महामंत्री भीखू लाल झारिया ,जनसंपर्क मंत्री बद्रीविशाल, धर्मशाला प्रबंधक हरप्रसाद झारिया एवं प्रदेश के कई जिलों से पधारे संगठनो के जिला अध्यक्ष, कार्यकारणी पदाधिकारी सदस्य ,84 गांवों से पधारे समाज के स्वजातीय बंधु एवं टिकरिया ग्राम के जनमानस , समाज के वरिष्ठ जन, समाजसेवी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय बाल एवं कुमार श्रम टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न

**डिंडौरी ।** कलेक्टर की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय बाल एवं कुमार श्रम टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, श्रम पदाधिकारी दामिनी सिंह सहित टास्क फोर्स समिति के अन्य सदस्य और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर ने श्रम टास्क फोर्स समिति के सदस्यों के साथ जिले की स्थानीय आवश्यकताओं एवं परिस्थितियों के आधार पर तैयार किए गए बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बाल श्रम प्रथा के विरूद्ध जनजागरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा विभाग के साथ समन्वय कर शाला त्यागी, शाला में निरंतर अनुपस्थित एवं ड्रॉप आउट बच्चों की जानकारी प्राप्त कर यह ज्ञात करें कि यह बच्चे कहीं कार्यरत तो नहीं हैं तथा मॉनिटरिंग एवं फॉलोअप के पश्चात ऐसे कामकाजी



बच्चों की सूची तैयार कर कार्यवाही करें। कलेक्टर ने अब तक बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 के तहत की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि आज दिनांक तक 125 मामलों में निरीक्षण किया गया। जिसमें से विमुक्त कराए गए किशोर श्रमिकों की संख्या 6 है तथा कार्यालय में प्राप्त सभी 4 शिकायतों पर अभियोजन की कार्यवाही की गई है।

कलेक्टर ने बंधक श्रम (उत्सादन) अधिनियम 1976 के तहत श्रम विभाग के कार्यों की समीक्षा की। जिसमें बताया गया कि ऑनलाइन बंधुआ श्रम पहचान, पुर्नवास, ट्रेकिंग और उन्मूलन हेतु लिर्वटी पोर्टल संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत बंधुआ श्रम उन्मूलन के कार्य किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने निर्देशित करते हुए कहा कि अधिनियमों के अनुसार मामलों पर प्रकरण बनाते हुए पुलिस की सहायता से एफआईआर कराऐं एवं मामलों का अभियोजन करें। बाल श्रम और बंधक श्रम उन्मूलन के लिए लोगों में जागरूकता का प्रसार करें और संबंधित विभागों से समन्वय बनाते हुए उचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

# भागवत कथा में मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव

**डिंडौरी** शहपुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सरई गांव के रिटायर शिक्षक चंद्रभान शास्त्री,मनोज शास्त्री,के द्वारा श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चैथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव की झांकी निकलते ही श्रद्धालु पुष्प की वर्षा करने लगे। जन्मोत्सव में संगीतकार के सोहर भजन पर श्रोता खूब झूमे। भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों तथा नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की जयघोष से वातावरण गूंजायमान मान हो उठा। कथावाचक श्रद्धेय प, मनीष गौतम शास्त्री मैहर ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म,अर्थ, काम एवं मोक्ष की महत्ता पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार



होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। मथुरा में राजा कंश के अत्याचार से व्यथित होकर धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण रूप में देवकी के अष्टम पुत्र के रूप जन्म लिया और धर्म और प्रजा की रक्षा कर कंस का अंत किया। कथावाचक प, मनीष गौतम शास्त्री ने कहा कि जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बड़ा दुर्लभ है। जब भी हमें यह सुअवसर मिले, इसका सदुपयोग करना चाहिए। कथा का सुनना तभी सार्थक होगा, जब उसके बताए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करेंगे। प्रति दिन कथा श्रवण के लिए काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

# सार्वजनिक साप्ताहिक अखण्ड श्रीराम कीर्तन में डुबकी लगा रहे हैं भक्त

**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भाखामाल के ग्राम चौरा रैयत में राठौर समाज के द्वारा सार्वजनिक सात दिवसीय अखंड श्रीराम कीर्तन का आयोजन किया गया हैं। विगत 15 फरवरी से साप्ताहिक अखण्ड श्रीराम कीर्तन का शुभारंभ किया गया हैं। जोकि 22 फरवरी को हवन विसर्जन के बाद विशाल भंडारा आयोजित किया गया हैं। साप्ताहिक अखण्ड श्रीराम कीर्तन में गांव गांव राठौर समाज श्रीराम कीर्तन मंडलियों को आमंत्रित किया गया हैं। श्रीराम कीर्तन कार्यक्रम में आमंत्रित मंडलियां अपने - अपने पार्टी के साथ श्रीराम कीर्तन किया जा रहा हैं। साप्ताहिक अखण्ड श्रीराम कीर्तन में गत दिवस ग्राम देवरी, खुड़िया बंजर टोला, मानिकपुर,



भाजी टोला, मारगांव, कुकर्रामठ, बहेरा टोला आदि सात गांवों से उपस्थित मंडलियों के द्वारा श्रीराम कीर्तन किया गया। आयोजित साप्ताहिक अखण्ड श्रीराम कीर्तन में राठौर समाज के कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न मंडलियों से श्रीराम कीर्तन में पहुंचकर धर्म लाभ उठाने की अपील की गई हैं।

# कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभागार में ली शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

**डिंडौरी ।** कलेक्टर ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक अधिकारी सहित समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड समन्वयक, जनशिक्षक, परीक्षा केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहे। कलेक्टर ने आगामी बोर्ड परीक्षा एवं अन्य बार्षिक परीक्षाओं की तैयारियों एवं आगामी सत्र के लिए गुणवत्तायुक्त शिक्षा के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षाओं के लिए आवश्यक तैयारियों को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं की वार्षिक परीक्षा के लिए जिले में 78 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। 25 फरवरी 2025 से बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं। जिसमें सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में पटवारी, केन्द्राध्यक्ष, पुलिस स्टॉफ बनाया गया। बैठक में बताया गया कि परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व महत्वपूर्ण कार्यों में प्रश्न-पत्रों के तिथिवार बॉक्स को हाईस्कूल हायर सेकेण्डरी के पृथक-पृथक पेटी में सील्ड कर निर्धारित थाने में रखवाने की व्यवस्था,



उपस्थिति पत्रक से विषयवार विषयों का मिलान कर प्रश्न पत्रों के बॉक्स पर अंकित संख्या से मिलान करना, कमी होने पर मांग पत्र प्रस्तुत करना, परीक्षा केन्द्र पर छात्र संख्या के अनुरूप बैठक व्यवस्था एवं फर्नीचर की उपलब्धता की व्यवस्था करना शामिल है। साथ ही परीक्षा केन्द्र पर समस्त ड्यूटी पर संलग्न पर्यवेक्षक को प्रवेश पत्र जारी करना, सत्र 2024-25 की मण्डल परीक्षाओं में प्रश्नपत्रों के प्रत्येक पैकेट 20 अथवा 10 प्रश्नपत्र का होगा इसलिये परीक्षा केन्द्र पर प्रत्येक कक्ष में छात्रों की बैठक व्यवस्था 20-40-60 के मान से करना, परीक्षा दिनांक को ही सभी विषयों की लिखित उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल तैयार कर संबंधित थानों में बण्डलों का संकलन करना, निर्धारित अवधि के पश्चात स्केनिंग सेन्टर पर यदि किसी अन्य विषयों के बण्डल में पूर्व में सम्पन्न हो चुकी परीक्षा से संबंधित उत्तर पुस्तिकायें पाई जाती है तो, संबंधित केन्द्राध्यक्ष के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करना, ऐसे प्रश्न-पत्र जिनमें ग्राफ अथवा नक्शे से संबंधित प्रश्न-पत्र पूछे गये हैं, तो ग्राफ अथवा नक्शों की शीट पर छात्र का अनुक्रमांक अंकित नहीं करना है। परीक्षा केन्द्र पर कलेक्टर प्रतिनिधि एवं निरीक्षण दल को छोड़कर परीक्षा में संलग्न कोई भी व्यक्ति मोबाइल फोन लेकर नहीं आएगा।

## पूर्व रोजगार सहायक एवं सचिव की पंच सरपंच तथा ग्रामीणों ने की शिकायत

# रोजगार सहायक द्वारा फर्जी भुगतान का आरोप

डिंडोरी

जनपद पंचायत डिंडोरी अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मुड़िया खुर्द में पदस्थ रहे पूर्व रोजगार सहायक तेज सिंह पर फर्जी भुगतान करने आरोप पंच सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा लगाते हुए लिखित शिकायत जिला कलेक्टर से किया है वहीं पंचायत में पदस्थ सचिव संतोष पर भी पंचायत कार्यालय न आने एवं सारे कार्य अपने निवास डिंडोरी से करने की शिकायत की गई है ग्रामीणों ने पूर्व रोजगार सहायक तेज सिंह पर आरोप लगाया है कि रोजगार सहायक द्वारा जो सप्लायर कभी भी किसी भी मध्य में मटेरियल नहीं दिया है उसका भुगतान 15 वे वित टी से फर्जी मूल्यांकन कराकर भुगतान कराया जा रहा है उसकी जांच की मांग ग्रामीणों ने की है मां नर्मदा ट्रेडर्स द्वारा ग्राम पंचायत मुड़िया खुर्द में किसी भी मद में मटेरियल नहीं दिया गया है वही लीचपिट नाडेप ग्राम सालीवाडा मॉल में केवल सिंह टेकाम गुलाब सिंह के द्वारा ईंट दिया गया था उसका भुगतान आज दिनांक तक नहीं



किया गया है तेज सिंह ठाकुर द्वारा आज तक माननीय उच्च न्यायालय के पालन में ग्राम पंचायत मुड़िया खुर्द को प्रभार नहीं दिया गया है ग्राम पंचायत मुड़िया खुर्द में शासकीय कार्यों में गलत शिकायत इनके द्वारा करवाई जाती हैं उक्त पूर्व रोजगार सहायक के ऊपर थाना शाहपुर में लगभग 22 प्रकरण दर्ज हैं वही मुकेश ठाकुर के द्वारा वृक्षारोपण में किसी भी प्रकार का मटेरियल नहीं दिया गया परंतु 14 000 हजार एवं 12 500 का फर्जी भुगतान किया गया है एवं मां नर्मदा ट्रेडर्स के नाम से जो मूल्यांकन किया गया है वह फर्जी तरीके से किया गया है जिसको ग्राम पंचायत द्वारा भुगतान करना संभव नहीं है तथा गली प्लग में जो मटेरियल का भुगतान किया गया है पूर्व में उस कार्य में भी किसी भी प्रकार का मटेरियल नहीं लगा है परंतु फर्जी मूल्यांकन कराकर भुगतान कराया गया है जिसकी जांच की मांग पंच सरपंच एवं ग्रामीणों ने की है तथा ग्राम पंचायत मुड़िया खुर्द में पदस्थ सचिव संतोष बर्मन द्वारा कार्यालय ना खोल कर उपस्थित नहीं होता है पंचायत की जो भी करवाई करना रहता है वह अपने घर जिला मुख्यालय डिंडोरी से ही करता है जिससे पंचायत के विकास कार्यों सहित ग्रामीणों को सचिन के घर के चक्कर काटने को विवश होना पड़ता है ग्रामीणों ने पूर्व रोजगार सहायक सहित सचिव कीलिखित शिकायत जिला कलेक्टर से किया है।

# पुलिस ने 24 नग नशे की सीरप जप्त तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



## आरोपी से 1 सिल्वर रंग की इको कार कीमत करीब 400000/- की पुलिस ने किया जप्त

**शहपुरा।** पुलिस कप्तान डिण्डौरी वाहनी सिंह द्वारा जिले मे चल रहे अवैध गतिविधियो पर अंकुश लगाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है व आगामी त्यौहारो को दृष्टीगत रखते हुये जिले मे शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिले के सभी थाना प्रभारियो को आवश्क निर्देश पूर्व में जारी किये है। अभियान चलाया जाकर नशे के कारोबार को पूरी तरह समाप्त करने की कार्यवाही की जा रही है इसी तारतम्य मे थाना शहपुरा में दिनांक 19/2/25 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस अधीक्षक महोदय डिंडोरी श्रीमती वाहनी सिंह के आदेशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डिंडोरी जगन्नाथ मरकाम तथा SDOP शहपुरा मुकेश अविद्रा के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी अनुराग जामदार द्वारा टीम गठित कर आरोपी टंटू उर्फ प्रकाश नारायण साहू पिता श्यामलाल साहू निवासी करौंदी की बाड़ी से 24 नग नशे की कोडीन सीरप जप्त की गई तथा पूछताछ में आरोपी लक्ष्मीनारायण उर्फ कीर्तन साहू पिता शिव नारायण साहू, सोनू पिता तेजीलाल साहू निवासी करौंदी द्वारा लाकर देना बताया, तत्काल कार्यवाही करते हुए कीर्तन तथा सोनू साहू की पता तलाश कर सघनता से पूछताछ करने पर सीरप ऑनलाइन बुलवाना तथा अपनी कार क्रमांक MP20CF7301 में रखकर फुटकर में लोगों को बेचना बताया है, आरोपी से 1 सिल्वर रंग की इको कार कीमती करीब 400000/- की जप्त की गई है प्रकरण में अभी तक आए साक्ष्यों के आधार पर संलिप्त अन्य आरोपियों की तलाश जारी है जिसमें बड़े रैकेट के पकड़े जाने की संभावना है I

**विशेष भूमिका** – थाना प्रभारी शहपुरा अनुराग जामदार, सउनि मुकेश बैरागी, घसीटालाल रजक, मुरारी लाल धुर्वे, प्रधान आरक्षक आदित्य शुक्ला, आर. अभिषेक पांडे, भरत कुशवाहा, के. के. शर्मा, गोविंद चौरे, महिला आरक्षक. अंशिता, अनुराधा चालक तुलसी यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### शुगर मिल के एक तौल कांटे में गड़बड़ी पायी गई, पुनः सत्यापित किया जावेगा

**नरसिंहपुर।** महाकौशल बचई शुगर मिल में तौल कांटों की जांच के दौरान चार तौल कांटों में से एक तौल कांटे में 30 किलो की गड़बड़ी सामने आई जिसे जिला नापतौल अधिकारी रंजीत ढोके द्वारा सत्यापित होने तक सील कर दिया गया है।किसान मजदूर महासंघ जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह लोधी द्वारा यह मांग की गई है कि नाप तौल विभाग द्वारा इसके पूर्व 8 जनवरी को बचई शुगर मिल के तौल कांटे चेक किए गए थे तब से अभी तक उस कांटे से जीतने भी किसानों का तौल कर गन्ना खरीदा गया है उन सभी किसानों को तब से अब तक का 30 किलो का पैसा जोड़कर दिया जाए एवं हर वर्ष बचई शुगर मिल के कांटे में गड़बड़ी पाई जाती है, किसानों के साथ धोखा होता है फिर भी मिल प्रबंधन पर कोई कार्यवाही नहीं होती है। जांच के दौरान जिला अधिकारी रंजीत ढोके एवं किसान मजदूर महासंघ से ऋषिराज पटेल, कमल सिंह लोधी, रविंद्र सिंह लोधी, मयंक राय एवं बचई शुगर मिल में उपस्थित किसान एवं मिल के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट का 1 अप्रैल से होगा आयोजन

**नरसिंहपुर।** स्वर्गीय मोहम्मद हकीम मासाब की स्मृति में राज्य स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट 1 अप्रैल से नरसिंहपुर में होगा। यह हॉकी प्रतियोगिता हॉकी स्टेडियम में खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की 14 टीम में भाग लेंगी। ज्ञात हो स्वर्गीय मोहम्मद हकीम खान पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी रह चुके हैं नरसिंहपुर की हॉकी को आगे बढ़ाने में उनका एक महत्वपूर्ण योगदान रहा है वे मध्य प्रदेश पुलिस हॉकी टीम के भी सदस्य रह चुके हैं एवं मध्य प्रदेश सीनियर हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में कर चुके है।टूर्नामेंट का आयोजक नरसिंहपुर खेल विकास संगठन को बनाया गया है।

### गुड़ कोल्हू प्रदूषण के सुव्यवस्थित संचालन के लिए निर्देश जारी

**नरसिंहपुर।** मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जबलपुर से प्राप्त गार्डड लाईन आदेश के अनुसार गुड़ कोल्हू प्रदूषण के सुव्यवस्थित रूप से संचालन किए जाने के लिए निर्देश जारी किये गये हैं। इस संबंध में कलेक्टर ने जिले में इन निर्देशों का कठोरता से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने नरसिंहपुर, गाडरवारा, गोटेगांव व तेंदूखेड़ा के संबंधित अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों, सहायक संचालक गन्ना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद संबंधित क्षेत्र में संचालित गुड़ भट्टियों को सूचित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा है। इस आदेश को तत्काल प्रभाव से प्रभावशील किया गया है।जारी निर्देश के अनुसार गुड़ कोल्हू इकाईयाँ स्वीकृत आवास, स्कूल अस्पतालों और संवेदनशील क्षेत्रों से 0.5 किलोमीटर की दूरी के भीतर स्थापित नहीं की जायेगी। ईधन के रूप केवल सूखी खोई, लकडी और कृषि अवशेष अपशिष्ट का उपयोग किया जायेगा। किसी भी स्थित में रबर, प्रयुक्त टायर प्लास्टिक आदि का उपयोग भट्टी में नही किया जायेगा। कोल्हू द्वारा उन्नतध उर्जा कुशल भट्टी का उपयोग किया जायेगा। भट्टी चिनाई वाली ईटों या दुर्दम्य ईटों से निर्मित होगी। ईटों के स्थान पर मिट्टी के उपयोग से बचा जाना चाहिए। भट्टी का निर्माण इस तरह से किया जाये कि यह मल्टी पैन सुनिश्चित करें (श्रृंखला में एक से अधिक पैन) भट्टी के डिजाइन के आधार पर पैन की संख्या 2 से 5 तक हो सकती है। चूंकि ग्रिप गैस पैन में गर्मी स्थानांतरित करती है, इसका तापमान कम हो जाता है। ग्रिप गैस में शेष गर्मी का उपयोग बाद के पैन में रस को पहले से गर्म करने के लिए किया जाता है। दो मिलियन टनध दिन से कम उत्पादन क्षमता वाले कोल्हू के पास पैन या मल्टी पैन व्यवस्था अपनाने का विकल्प होता है।

## प्रयागराज आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखें

# यात्रियों के खानपान के साथ सुलभ सुविधा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये

**जिले की सड़क मार्गों से जुड़ी सभी एजेंसी, रेलवे अधिकारी समन्वय बनाकर बेहतर व्यवस्था रखें कलेक्टर एवं एसपी ने अधिकारियों को दिये निर्देश**

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

मुख्य सचिव अनुराग जैन के द्वारा विगत दिवस दिये निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका की मौजूदगी में प्रयागराज आने- जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेल मार्ग व सड़क मार्ग में आवश्यक व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक गुरूवार को सम्पन्न हुई। उन्होंने जिले में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, ईई पीडब्ल्यूडी और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि आगामी दिनों में महाशिवरात्रि को देखते हुए प्रयागराज से जुड़े मार्गों पर भीड़ का दबाव बना रहेगा।समीपवर्ती जिलों सहित अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ के लिए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में उनकी सहूलियत का विशेष ध्यान रखा जाये। नागरिकों की सुविधा के लिये कंट्रोल- रूम की व्यवस्था की गई है, जिसका टेलीफोन नंबर 07792- 230681 और 07792- 232647 है। उन्होंने भीड़ के दबाव को कम करने के लिये जिले में की गयी होल्डिंग सेंटर की व्यवस्था की जानकारी ली।\ स्टेशन प्लेटफार्म पर यात्रियों के खान- पान के साथ सुलभ सुविधा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिले की सभी रेलवे स्टेशनों पर सूचना संबंधी डिस्प्ले बोर्ड, पेयजल एवं चिकित्सा सुविधा के लिए संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित करने के निर्देशघ दिये।राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र के स्टेशनों का निरीक्षण कर तैयारियों का अवलोकन कर लिया जाये।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देशित किया कि सड़क मार्ग पर यातायात के दबाव पर सतत निगरानी रखी जाये। होल्डिंग सेंटर पर यात्रियों की सुविधा के लिये आवश्यक व्यवस्था हो।पुलिस अधीक्षक ने भी सभी पुलिस अधिकारियों, थाना व चैकी प्रभारियों और यातायात पुलिस को प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने आपात की स्थिति में स्वास्थ्य, अग्नि-शमन से जुड़ी व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की।

प्रयागराज जाने के लिए यात्रीगण ट्रेनों के अलावा निजी वाहनों का भी प्रयोग कर रहे हैं। इस पर झांसीघाट गोटेगांव मार्ग पर मंडी चैराहा पर यातायात डायवर्जन रहेगा। गाडरवारा अनुभाग में प्रयागराज जाने के लिए इटारसी की ओर से सड़क मार्ग से आने वाले वाहनों की संख्या अधिक होने पर होल्डिंग प्वाइंट नर्मदा शुगर मिल ग्राउंड सालीचैका- पोडार तिराहा में रखा गया है। इसी तरह तेंदूखेड़ा अनुभाग में प्रयागराज जाने के लिए सड़क मार्ग से आने वाले वाहनों की संख्या अधिक होने पर राजमार्ग चैराहा आशीर्वाद ढाबा मधुवन वैभव ढाबा के समीप होल्डिंग पॉइंट होगा।



## गायत्री शक्तिपीठ में सौंपे गए दायित्व

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गायत्री शक्ति पीठ में आयोजित गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य व्याख्यान माला कार्यक्रम में प्रमुख ट्रस्टी आचार्य थंम्मन सिंह शर्मा का जन्मदिन वरिष्ठ परिजनों की उपस्थिति में मनाया गया। इसी कार्यक्रम में शांति कुंज के निर्देशानुसार उपजोन प्रभारी नरेश तिवारी के द्वारा मंजू श्रीवास्तव को जिला कन्या कौशल प्रभारी एवम भारती कौरव को सह प्रभारी का दायित्व सौंपे जाने पर मन्दिर प्रबंधन समिति प्रमुख श्रीमती हेमलता शर्मा एवम उपस्थित परिजनों ने सम्मानित किया । इनके साथ नरसिंहपुर में कन्या कौशल विस्तार हेतु शामिल सदस्य मातृशक्ति जिनमें कल्पना चैकसे शंकरचार्य वार्ड प्रभारी, ओमवती मालवीय रोंसरा प्रभारी , अर्चना सोनी कामथ वार्ड प्रभारी , निशा सोनी भगत सिंह वार्ड प्रभारी, विभा सोनी गयादत्त वार्ड प्रभारी, सकुन नामदेव बजरंग वार्ड प्रभारी , माधुरी यादव महिला मण्डल रोंसरा प्रभारी , पार्वती दुबे महिला मण्डल शांति नगर प्रभारी , रिद्धि ब्यौहार पुंसवन सह प्रभारी का भी रोली तिलक लगाकर सम्मान किया गया ।

## कोटवार वेलफेयर सोसाइटी संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



कोटवार वेलफेयर सोसाइटी संघ मप्र ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर संयुक्त कलेक्टर श्रीमति वंदना जाट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापनों में उल्लेख किया गया कि गाडरवारा तहसील के अंतर्गत पचामा गांव के कोटवार मुन्नी वाई मेहरा को शहरी तहसीलदार द्वारा अकारण पद से पृथक कर दिया, कारण कि ग्राम के दबंगों ने कोटवार परिवार के साथ घर में घुसकर मारपीट की थी जिसकी रिपोर्ट सालीचैका पुलिस स्टेशन में की गई थी। जिसकी सजा तहसीलदार द्वारा विधवा कोटवार को दी गई। कोटवार संघ लगातार प्रशासन से ज्ञापनों के माध्यम से वर्दी की राशि की मांग करता चला आ रहा हैं यह राशि कोटवारों के खाते में डालने के शासन के आदेश है परंतु आज 18 फरवरी 2025 तक यह राशि नरसिंहपुर जिले के कोटवारों को अप्राप्त है शीघ्र प्रदान की जावे। ज्ञापन सौंपते समय संघ के लोचन प्रसाद चढ़ार, कमलेश मेहरा, अन्य पदाधिकारी एवं कोटवार मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई के शिविर का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई का सात दिवसीय विशेष इकाई शिविर का ग्राम मगरधा में शुभारंभ हुआ।शिविर के प्रथम दिवस में सर्वप्रथम कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रीता रावत के द्वारा दलनायिका शिखा वर्मा को शिविर के झंडे सौंप गए तत्पश्चात दलनायिका शिखा वर्मा के द्वारा ग्रुप बांटे गए एवं स्वयंसेवकों को उनके कार्य वितरित किए एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सेवकों के द्वारा शिविर की दिनचर्या का पालन किया गया शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में वाणिज्य विभाग से डॉ.नेहा राठौर उपस्थिति रही साथ ही कार्यक्रम अधिकारी प्रो.रीता रावत एवं सह प्रभारी प्रो.प्रीति कौरव एवं डॉ.अनीता साहू एवं छात्र इकाई मीडिया प्रभारी रोहित नौरिया उपस्थिति रहे।शिविर के प्रथम दिवस में स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम मगरधा में ग्राम भ्रमण किया गया साथ ही साथ बौद्धिक सत्र में डॉ. नेहा राठौर के द्वारा स्वयंसेवकों को को कंप्यूटर के विषय में जानकारी दी गई एवं तत्पश्चात स्वयंसेवकों को डायरी और बैच वितरित किए गए साथ ही दलनायिका शिखा वर्मा के द्वारा स्वयंसेवकों को शिविर के नियमों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के बैच की जानकारी दी गई ।

### शासकीय कालेज के सामने मिला शव

**तेंदूखेड़ा** गुरुवार के सुबह सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग पर शासकीय कालेज के सामने तरफ डी एम ओ गोदाम के पास ग्राम करोंदी का रहने वाला बहोरी पिता रामसींग गौड़ 50 साल का शव मिला है। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पुलिस ने जानकारी के अनुसार परिजनों को सूचना दी गई तथा शव पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक के पास पानी के पाऊच शराब का पाव भी मिला है। पुलिस सूक्ष्मता से मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### गायब हो गये जटायु संपाति के वंशज

**तेंदूखेड़ा** वन्यजीव भोपाल के निर्देश अनुसार संपूर्ण प्रदेश में तीन दिनों तक गिद्ध गणना कराई गई है। लेकिन बरमान वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तेंदूखेड़ा क्षेत्र से जटायु संपाति के वंशज गिद्ध राज गायब हो चुके हैं।एक समय था जब तेंदूखेड़ा में इनको बड़ी संख्या में पाया जाता था लेकिन पिछले एक दशक से अब दिखना ही बंद हो गया है। जिसका प्रमुख कारण इनके रहवास और खाने पीने की समस्या प्रमुख कारण माना जा रहा है।मृत मवेशियों को नोच नोच खाने के लिए इनके झुंड के झुंड देखने को मिला करते थे लेकिन विशाक्त केमिकलों के उपयोग और उनके रहने के लिए बड़े बड़े

### सब्सिडी पाने भटक रहे हितग्राही

**तेंदूखेड़ा** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा कृषकों को उन्नतिशील कृषक और आधुनिक पद्धति से किसानी करने के लिए कृषि क्षेत्र में ड्रोन के उपयोग को बढ़ावा देने की मंशा से कृषि क्षेत्र में किसान ड्रोन को अनुदान योजना के अंतर्गत क्रय करने एवं संचालन हेतु ड्रोन पायलट लाइसेंस के प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए तरह-तरह के सब्जबाग देकर कृषकों को आकर्षित तो कर लिया जाता है। और इच्छुक कृषक इन सब्जबागों में निर्धारित आहर्तायें पूर्ण कर लेते हैं। लेकिन योजना में जो सब्सिडी की बात की जाती है।उसे पाने के लिए सालों से चक्कर लगाने पड रहें हैं।ऐसा ही एक मामला तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत देखनें को मिला है मिली जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा के ही श्रीमति शोभा पति श्री महेश पटेल के द्वारा एक साल पहले निविदा के माध्यम से समस्त आहर्तायें पूर्ण कर निर्धारित राशि जमा की गई थी।साथ ही नीरज कुमार पिता महेश पटेल ने ड्रोन संचालन का लाइसेंस लिया है लेकिन विडम्बना यह बनीं हुई है कि एक वर्ष पूर्व सब्सिडी फार्म आनलाइन जमा कर दिया गया है जमा किए हुए एक साल से ज्यादा का समय बीत चुका है। अभी तक सब्सिडी नहीं मिली है। जबकि ड्रोन लेते समय एक दो माह में ही सब्सिडी खाते में जमा करवाने की बात कही गई थी अब स्तिथि यह बनीं हुई है कि आवेदक यदि मांग करते हैं तो उनका फोन ही नहीं उठता है और यदि फ़ोन उठा भी लेते हैं तो संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा है। आवेदक को उनकी सब्सिडी वापस ना मिलने की अशंका होने लगी है।साथ ही किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की गई है कि तत्काल प्रभाव से उनकी सब्सिडी खातों में डलवाई जाये।



### थाना ठेमी पुलिस की गिरफ्त में दो स्मैक के कारोबार

**गोटेगांव**-गोटेगांव तहसील के थाना ठेमी पुलिस की गिरफ्त में दो स्मैक के कारोबारी लिया गया है, स्मैक 4 लाख रुपए कीमत की 40 ग्राम स्मैक जप्त की गई है।अभियान के तहत थाना ठेमी की पुलिस द्वारा दिन गुरुवार 19 फरवरी को अवैध मादक पदार्थ स्मैक के कारोबार में लिप्त दो आरोपियों को बडगुवां फैक्ट्री के पास से गिरफ्त में लिया बया जिनका नाम अजय उर्फ अज्जू लोधी, उम्र 44 साल वर्ष निवासी ग्राम नयागांव एवं आरोपी लखन सिंह लोधी, उम्र 32 साल निवासी ग्राम रहली, थाना गोटेगांव के कब्जे से 4 लाख कीमत की 40 ग्राम स्मैक, एक मोटरसाईकिल एवं दो मोबाइल भी किये गये है। जप्त की जाकर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 96/2025 धारा 8, 21-बी, 29 एनडीपीएएस एक्ट पंजीवद्ध किया गया है। इस कार्यवाही में ठेमी थाना प्रभारी निरीक्षक प्रियंका केबट, सउनि राजेश तिवारी, प्रधान आरक्षक अवधेश पटेल, प्रधान आरक्षक कुलदीप सिंह ठाकुर, आरक्षक चंद्रप्रताप पटेल,आरक्षक विजय वासुकी,आरक्षक आशीष सिलावट, एवं आरक्षक सायबर सेल नीरज डेहरिया की मुख्य भूमिका रही।

## विधायक महेंद्र नागेश ने खिलाड़ियों को क्रिकेट किट दी





गोटेगांव

स्थानीय नगर के शिक्षक कॉलोनी में स्थित निवास पर गोटेगांव विधानसभा के विधायक महेंद्र नागेश ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खमरिया (तिघरा) टीम के खिलाड़ियों को क्रिकेट किट प्रदान उनका हौसला अफजाई की वहीं भजन मण्डली के सदस्यों को गायन के लिए भजन सामग्री प्रदान कि। वही जनसुनवाई में पहुंचे अन्य लोगों की समस्याओं का निराकरण कर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए,इस दौरान अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

### ग्रामीण का आरोप निजी जमीन पर बना दी सी.सी सड़कग्राम पंचायत बेदू एक बार फिर सुर्खियों में

**गोटेगांव।** जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेदू से है जहां पर ग्राम में ही निवासरत डोमन सिंह पटेल ने ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यो पर एक बड़ा खुलासा करते हुए बताया की ग्राम पंचायत द्वारा उनकी निजी जमीन पर सी.सी.सड़क बनाकर अतिक्रमण किया जा रहा है जिस कि शिकायत को लेकर युवक ने उचित दफ्तरो में आवेदन दिया है।लेकिन युवक दो साल से दफ्तरो के चक्कर काट रहा है अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नही हुई सिर्फ नायाब तहसीलदार द्वारा पेमाइश की गई है। जब कि युवक का कहना है की जो सी.सी.सड़क तोड़कर हमारी जगह पर गंदा पानी जाता है वह रोका जाए और हमारी जगह हमे मिलनी चाहिए।

